INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM-I EXAMINATION(2023-24)
SUBJECT: HINDI

NO. OF PAGES:5

CLASS : VI
DATE: 21/09/2023

MAX. MARKS: 80
TIME: 3 HOURS

---

**सामान्य निर्देश : 1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।**
**2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
**3. इस प्रश्न-पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं।**
**4. प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न-संख्या लिखना आवश्यक है।**

---

## खंड-'क' (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

परेशानियाँ होने पर भी रोज़ाना थोड़ा हँसने और हँसाने का अभ्यास करते रहना चाहिए। इससे आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ती है। इससे न केवल खुद को खुशी मिलती है, बल्कि हम से जुड़े सब लोगों को भी ख़ुशी मिलती है। हँसना हमारे शरीर के लिए बहुत लाभकारी है। इससे हमारी रोगों से लड़ने की क्षमता मज़बूत होती है और बीमारियों से बचाव हो सकता है। इससे हमारा मानसिक तनाव भी कम होता है और मन हल्का हो जाता है। लेकिन ज़रुरत से ज़्यादा और अनुचित तरीके से हँसना दूसरों को परेशान कर सकता है। क्यों न हम आपसी भेदभाव मिटाकर एक-दूसरे से दुख-दर्द और खुशी बाँटकर अपने संबंधों को मधुर बनाए जिससे हम मेल-जोल और आत्मविश्वास के साथ हँसी-खुशी जी पाएँ।

**प्रश्न**

(क) हँसने से किन-किन को खुशी मिलती है? (2)
(ख) हँसने से हमारे शरीर को क्या-क्या लाभ होते हैं? (2)
(ग) हँसना कब दूसरों को परेशान कर सकता है? (2)
(घ) हम किस प्रकार अपने संबंधों को मधुर बना सकते हैं? (2)
(ङ) हँसने और हँसाने से किस प्रकार की भावना बढ़ती है? (1)
(च) 'उचित' शब्द का विलोम शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए। (1)

## खंड-'ख' (व्याकरण)

**प्रश्न 2. (i) 'चिड़िया' शब्द के दो सही पर्यायवाची शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)**

(क) पर, पक्षी (ख) डैना, खग
(ग) खग, पक्षी (घ) कानन, नीर

(ii) 'हस्त, कर' किस शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं? (1)

(क) पैर (ख) हाथ

(ग) कल (घ) हँसना

प्रश्न 3. (i) 'वीर' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) वीरा (ख) वीरी

(ग) वीरांगना (घ) वारंगना

(ii) 'महिला' शब्द का पुल्लिंग शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) युवक (ख) लड़का

(ग) बालक (घ) पुरुष

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से सदैव पुल्लिंग रहने वाला विकल्प कौन-सा है? (1)

(क) खरगोश (ख) पुस्तक

(ग) चील (घ) चाय

(iv) 'सिंह जंगल में दहाड़ रहा है।' इस वाक्य में 'सिंह' शब्द का लिंग बदलने पर सही वाक्य वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) सिंहणी जंगल में दहाड़ रहा है। (ख) सिंही जंगल में दहाड़ रही है।

(ग) सिंहनी जंगल में दहाड़ रहा है। (घ) सिंहनी जंगल में दहाड़ रही है।

प्रश्न 4. (i) 'वह लड़का नहीं आया है _____ गीत गाता है।' खाली स्थान के लिए उपयुक्त सर्वनाम शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) जिसने (ख) जो

(ग) खुद (घ) जिसको

(ii) 'पिता जी बच्चों के लिए क्या लाए हैं?' वाक्य में सर्वनाम शब्द है- (1)

(क) पिता जी (ख) लाए

(ग) क्या (घ) बच्चों

(iii) 'आपसे कोई मिलने आया है।' वाक्य में '<u>कोई</u>' सर्वनाम का कौन-सा भेद है? (1)

(क) पुरुषवाचक सर्वनाम (ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(ग) निजवाचक सर्वनाम (घ) संबंधवाचक सर्वनाम

(iv) निम्नलिखित में से निजवाचक सर्वनाम वाला शब्द छाँटकर लिखिए। (1)

(क) अपने-आप (ख) आपने

(ग) हमारे (घ) इसे

प्रश्न 5. (i) 'कश्मीर की सुन्दरता सबको पसंद है।' वाक्य में संज्ञा शब्द हैं- (1)

(क) सबको, कश्मीर
(ख) सुन्दरता, पसंद
(ग) करती, पसंद
(घ) कश्मीर, सुन्दरता

(ii) 'हम प्रेम से सबका दिल जीत सकते हैं।' वाक्य में 'प्रेम' शब्द संज्ञा का कौन-सा भेद है? (1)

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(ख) जातिवाचक संज्ञा
(ग) भाववाचक संज्ञा
(घ) समूहवाचक संज्ञा

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है- (1)

(क) जयपुर - जातिवाचक संज्ञा
(ख) मीठा - भाववाचक संज्ञा
(ग) महात्मा गांधी - व्यक्तिवाचक संज्ञा
(घ) हारना - भाववाचक संज्ञा

(iv) निम्नलिखित में से जातिवाचक संज्ञा वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) हाथी
(ख) लन्दन
(ग) ईमानदारी
(घ) गंगा

प्रश्न 6. 'टोकरी'-शब्द का बहुवचन दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (1)

(क) टोकरी
(ख) टोकरा
(ग) टोकरियाँ
(घ) टोकरें

प्रश्न 7. 'भला' शब्द का विलोम शब्द दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (1)

(क) अच्छा
(ख) गन्दा
(ग) शैतान
(घ) बुरा

प्रश्न 8. (i) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। **(1x2=2)**

(क) ग्यान
(ख) सप्ताहीक

(ii) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए। **(1x2=2)**

(क) कृपया मेरे घर आने की कृपा करें।
(ख) कल तुमने क्या काम करा था?

## खंड-'ग' (साहित्य)

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

केशव के घर कार्निस के ऊपर एक चिड़िया ने अंडे दिए थे। केशव और उसकी बहन श्यामा दोनों बड़े ध्यान से चिड़िया को वहाँ आते-जाते देखा करते। सवेरे दोनों आँखें मलते कार्निस के सामने पहुँच जाते और चिड़ा और चिड़िया दोनों को वहाँ बैठा पाते। उनको देखने में

दोनों बच्चों को न मालूम क्या मज़ा मिलता, दूध और जलेबी की सुध भी न रहती थी। दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते।अंडे कितने बड़े होंगे? किस रंग के होंगे? कितने होंगे? क्या खाते होंगे? उनमें से बच्चे किस तरह निकल आएँगे? बच्चों के पर कैसे निकलेंगे? घोंसला कैसा है? लेकिन इन बातों का जवाब देने वाला कोई नहीं। न अम्माँ को घर के काम-धंधों से फ़ुरसत थी, न बाबू जी को पढ़ने-लिखने से। दोनों बच्चे आपस ही में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दे लिया करते थे।

प्रश्न

(क) केशव की बहन का क्या नाम था? (1)

(ख) केशव और उसकी बहन बड़े ध्यान से क्या देखा करते थे? (1)

(ग) दोनों बच्चों को किसकी सुध नहीं रहती थी? (1)

(घ) बाबू जी और अम्माँ को किससे फ़ुरसत नहीं थी? (2)

(ङ) केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे? (2)

(च) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- (1)

कथन(A) - दोनों बच्चे आपस ही में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दे लिया करते थे।

कारण(R) - दोनों के सवालों का जवाब देने वाला कोई नहीं था।

<u>विकल्प</u>

(i) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

प्रश्न10. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- (1x5=5)

(क) अधीर (ख) मुँहबोली (ग) किस्मत (घ) बला (ङ) हिकमत

प्रश्न11. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- (1x5=5)

(क) पेचीदा (ख) वजह (ग) रट लगाना (घ) भेंट (ङ) फुरसत

प्रश्न12. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं 5</u> प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए:- (2x5=10)

(क) चिड़िया ने कितने अंडे दिए और उन अंडों को किसने गिरा दिया?

(ख) मोहन कितने साल का था और वह कौन-सी कक्षा में पढ़ता था?

(ग) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता में फौलादी किन्हें कहा गया है?

(घ) मोहन कैसा लड़का था?

(ङ) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता में 'संगठन' के लिए क्या-क्या उदाहरण दिए गए हैं?

(च) माँ के सोते ही केशव और श्यामा दोपहर में बाहर क्यों निकल आए?

(छ) चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है?

प्रश्न13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए:- (3x4=12)

(क) 'वह चिड़िया जो' पाठ में चिड़िया कैसी है? वह किसके लिए गाना गाती है और कैसे गाती है?

(ख) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता में 'सागर' और 'पर्वत' किसे कहा गया है और यह उदाहरण देकर कवि क्या कहना चाहता है?

(ग) 'ऐसे-ऐसे' पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

(घ) प्रेमचंद ने अपनी कहानी का नाम 'नादान दोस्त' क्यों रखा?

(ङ) 'कल गैरों की खातिर की आज अपनी खातिर करना' पंक्ति द्वारा कवि क्या सन्देश देना चाहता है?

(च) 'ऐसे-ऐसे' पाठ में माँ को किस बात की हैरानी हुई?

## खंड-'घ'(लेखन)

प्रश्न 14. मित्र को अपने जन्मदिन पर बुलाने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए। (5)

या

परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर अपनी छोटी बहन को बधाई पत्र लिखिए।

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 60 से 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:- (5)

(क) मीठी बोली (ख) मेरा प्रिय त्योहार (ग) मेरा विद्यालय

*********************************************************************